प्रेस नोट थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर दिनांक 09.10.2025

रूपये गबन करने की नीयत से साजिश के तहत लूट की झूठी सूचना देने के आरोप में 02 नफर अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लिया गया, अभियुक्त की निशानदेही पर 09 लाख 70 हजार रूपये बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष चिलुआताल के नेतृत्व में एण्टी थेफ्ट सेल, सर्विलांस सेल व साइबर सेल की सहायता से मय पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 637/2025 धारा 309(4), 126(2), 324(4) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त 1. टुन्नू प्रजापति व 2. जयनाथ सिंह के कब्जे से लूट का 09 लाख 70 हजार रुपया बरामद करते हुए पुलिस हिरासत में लिया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 08.10.2025 को वादी मुकदमा जो कि चौधरी एग्रो सेल्स में ड्राइवर का काम करता है अपने मालिक के कहने पर सामान बिक्री का पैसा वसूलकर लेकर आ रहा था कि रास्ते में अभियुक्तों द्वारा उसकी कार रोककर शीशा तोड़कर उनसे 09 लाख 70 हजार रूपयों की छिनैती की गयी । जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

जाँचोपरान्त यह तथ्य प्रकाश में आया कि वादी मुकदमा टुन्नू प्रजापति द्वारा स्वयं अपने साथियों के साथ मिलकर रुपये हड़प लेने के नीयत से साजिश के तहत लूट की झूठी कहानी बनायी गयी थी । टुन्नू प्रजापति के निशानदेही पर 09 लाख 70 हजार रुपया बरामद किया गया ।

पुलिस हिरासत में लिये गये अभियुक्त का नाम व पता -

1. टुन्नू प्रजापति पुत्र बलिस्टर प्रजापति निवासी पकड़ीदार थाना हाटा जनपद कुशीनगर

2. जयनाथ सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी रग्घूपुर थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर हा0मु0 शिवपुर साहबाजगंज थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 637/2025 धारा 309(4), 126(2), 324(4) बीएनएस थाना चिलुआताल, जनपद गोरखपुर

बरामदगी का विवरण –

1. लूट का 09 लाख 70 हजार रुपया

घटना का अनावरण करने वाली टीम -

1. थानाध्यक्ष सूरज सिंह थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर मय हमराह
2. नि0 सुनील कुमार राय प्रभारी एण्टी थेफ्ट सेल जनपद गोरखपुर मय टीम
3. उ0नि0 राजमंगल सिंह प्रभारी एसओजी मय टीम जनपद गोरखपुर
4. उ0नि0 सीएल राय सर्विलांस सेल
5. उ0नि0 उपेन्द्र सिंह प्रभारी साइबर सेल जनपद गोरखपुर
6. उ0नि0 मनीष यादव मय सर्विलांस टीम जनपद गोरखपुर